News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-196
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया


**आज का विचार**

दो तरह से देखने से चीज़े छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!


CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM



# बिहार सिटी चीफ

बिहार, सोमवार, 21 अक्टूबर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार




## बिहार में जहरीली शराब से अब तक 37 मौतें

# 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड, 7 महिलाएं समेत 21 गिरफ्तार...



**पटना।** बिहार के सीवान, सारण और गोपालगंज जिलों में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामलों में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है. 21 लोगों की गिरफ्तारी की गई है जिसमें सात महिलाएं भी शामिल हैं. अधिकारियों ने बीते रविवार (20 अक्टूबर) को यह जानकारी दी है. जानकारी दी गई कि तीन जिलों को मिलाकर अब तक कुल 37 लोगों की जान गई है. इस पूरे मामले में मशरक थाने के प्रभारी और भगवानपुर चौकी पर तैनात एक अन्य पुलिस अधिकारी को उनके क्षेत्राधिकार में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में कर्तव्य में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है. सारण रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नीलेश कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, सीवान और सारण जिलों के प्रशासन ने घटना के बाद मगहर, औरिया और इब्राहिमपुर क्षेत्रों के तीन चौकीदारों को पहले ही निलंबित कर दिया है.

सीवान में सबसे अधिक 28 लोगों की मौत

जहरीली शराब से सबसे अधिक सीवान में मौत हुई है. 16 अक्टूबर से अब तक सीवान जिले की मगहर और औरिया पंचायतों में 28 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं सारण के मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत इब्राहिमपुर इलाके में सात लोगों की मौत हुई है. गोपालगंज में दो लोगों की मौत शराब पीने के कारण हुई है. इस तरह तीन जिलों में कुल 37 लोगों की मौत हुई है.

सीवान में 13 तो सारण में 8 लोगों की गिरफ्तारी

इस पूरे मामले में डीआईजी ने कहा, पुलिस ने शराब पीने से हुई मौतों के सिलसिले में 21 आरोपियों (सीवान में 13 और सारण में आठ) को गिरफ्तार किया है. इनमें से सात महिलाएं हैं, जो दोनों जिलों में अवैध शराब के निर्माण और आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा थीं. हमने इन जिलों में अवैध शराब की आपूर्ति और निर्माण से जुड़े कई लाख रुपये के लेन-देन का भी पता लगाया है और इस संबंध में महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य एकत्र किए हैं.

आगे उन्होंने कहा, सक्षम प्राधिकारी द्वारा धन शोधन अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोपियों के खिलाफ एक अलग मामला दर्ज किया जाएगा. तीन जिलों में संदिग्ध जहरीली शराब त्रासदी के तुरंत बाद पुलिस अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में तलाशी ले रही है.

## खुद के थाने में बंद हुआ जमादार

# दरोगा चप्पल छोड़ हुआ फरार जानिए क्या है मामला

**सारण।** सारण पुलिस के कारनामों से एक बार फिर वर्दी पर कलंक का टीका लग गया है। हालांकि जब पुलिस वर्दी पहनाई जाती है तब शपथ दिलाई जाती है कि वर्दी पर किसी तरह का दाग लगने नहीं देंगे, लेकिन उसी वर्दी को पहन कर अपना धौंस दिखाकर आप जनता की हिफाजत नहीं बल्कि उसी से नजराना वसूली की जाती है तब वर्दी को दाग लगना लाजिमी हो जाता है। कुछ इसी तरह का मामला सारण जिले के मांझी थाना से आया है, जहां के एक प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक और एक सहायक अवर निरीक्षक द्वारा तीन युवकों से नाजायज़ तरीके से मारपीट कर जबरन मोटी रकम वसूली की घटना सामने आ रही हैं। घटना के संबंध में स्थानीय मांझी थाना क्षेत्र के मरहा गांव में शराब की छापेमारी करने गए मांझी थाने में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों द्वारा कोपा थाना क्षेत्र के तीन युवकों को कथित तौर पर बेरहमी से पिटाई करने तथा अवैध रूप से लगभग 21 हजार रुपए की अवैध तरीके से उगाही करने के मामले में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बड़ी कार्रवाई की है।




**प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक चप्पल छोड़ नंगे पांव हुआ फरार**

घटना के संबंध में सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि आरोपी मांझी थाने में पदस्थापित एएसआई पप्पू कुमार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं अपने सहकर्मी को हिरासत में लिए जाने की खबर सुनते ही मांझी थाने में पदस्थापित प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक ओम प्रकाश साह थाना परिसर से बिना चप्पल के दौड़ते हुए फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस कर्मियों द्वारा उनका पीछा किया गया लेकिन अंधेरे का फ़ायदा उठाते हुए फरार होने में सफलरहा। उक्त पुलिस पदाधिकारी के फरार होने की घटना तब हुई जब थाना परिसर में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राज किशोर सिंह सहित कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

थाना में लगाया ताला

वहीं सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के दिशा निर्देश पर इस मामले की जांच करने पहुंचे एसडीपीओ सदर राज किशोर सिंह ने घटना स्थल पहुंच कर पीड़ित युवकों की शिकायत की गहनता से जांच पड़ताल कर सारण के पुलिस अधीक्षक को मामले से अवगत करा दिया है। इसके बाद ही एसपी के निर्देश पर एएसआई पप्पू कुमार सिंह को हिरासत में लिया गया है। प्रशिक्षु दरोगा ओम प्रकाश साह मौका पाकर वहां से नंगे पांव फरार हो गया। देर रात तक सदर एसडीपीओ राज किशोर सिंह मांझी थाना में मौजूद रहे। मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय मांझी थाने की पुलिस महकमा पूरी तरह से चौकस है। मांझी थाने के प्रवेश द्वार पर लगे गेट में ताला लगा दिया गया है, जबकि सदर एसडीपीओ और थाने के वरीय और कनीय पुलिस पदाधिकारी अंदर ही अंदर अपने आलाधिकारी यानी पुलिस अधीक्षक के अगले आदेश अथवा उनके मांझी पहुंचने का इंतज़ार कर रहे हैं।

## पटना में होटल मालिक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

# 20 लाख रंगदारी न देने पर दिया वारदात को अंजाम

**पटना।** पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र के कुतुबुद्दीन लेन में रविवार शाम साढ़े तीन बजे बाइक सवार आधा दर्जन अपराधियों ने एक होटल मालिक को रास्ते में रोककर गोलियों से भून डाला। उन्हें पांच गोलियां मारी गईं। उनकी पहचान पीरबहोर के दरियापुर निवासी शकील मलिक में रूप में हुई। वह मूल रूप से जहानाबाद के टेहटा के बघवारा के रहने वाले थे।

**अपराधी वारदात को अंजाम देकर भाग निकले**

कुतुबुद्दीन लेन संकीर्ण है, बावजूद इसके अपराधी वारदात को अंजाम देकर हवाई फायरिंग करते आसानी से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते टाउन एसडीपीओ-1 अशोक कुमार सिंह, पीरबहोर और कदमकुआं थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। गोली लगने से बाइक के हैंडल पर औंधे मुंह गिरे व्यवसायी को पुलिस और स्वजन राजा बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। एसडीपीओ ने बताया कि अपराधियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

बताया जा रहा है कि वह कुछ माह पूर्व कुतुबुद्दीन लेन में ही एक पुराना मकान खरीदे थे। उसी मकान में कुछ काम चल रहा था, जहां से वह दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बाइक से लौट रहे थे। कुछ दूर आगे बढ़े थे कि आधा दर्जन अपरा?धियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और करीब से उनपर गोलियां बरसाने लगे। सिर, पेट, सीने में गोली लगने से वह बाइक पर ही लुढ़क गए। संकरी गली होने की वजह से वहां अक्सर भीड़ रहती है। घटना के बाद वहां से भागने के लिए अपराधियों ने तीन से चार राउंड हवाई फायरिंग की।

**मांगी जा रही थी रंगदारी, अन्य बिन्दुओं पर छानबीन**

पुलिस की मानें तो स्वजन फुलवारीशरीफ निवासी एक अपराधी पर संदेह जता रहे हैं। रंगदारी की बात भी सामने आ गई है। उस अपराधी पर पूर्व में जमीन कब्जा और रंगदारी का आरोप है। घटना के बाद उसकी तलाश तेज कर दी गई। मृतक के मोबाइल नंबर का काल डिटेल भी निकाला जा रहा है और स्वजनों से भी बातचीत कर किसी ने पुरानी दुश्मनी, जमीन विवाद या अन्य विवाद के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**साजिश रचकर मारीं गोलियां, लाइनर की तलाश**

एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच नमूना जुटाकर साथ ले गई। देर शाम तक पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की मदद से यह पता करने में जुटी रही कि अपराधी किस दिशा से आए थे। प्रत्यक्षदर्शियों में कुछ ने अपराधियों की संख्या छह बताई तो कुछ लोग उससे अधिक बता रहे थे। जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया, इससे कयास लगाया जा रहा है कि साजिश रचकर घटना को अंजाम दिया गया है और इसके किसी ने लाइनर की भूमिका भी निभाई है।

## रेप केस में शिक्षक गिरफ्तार

# बीपीएससी शिक्षिका ने लगाया था आरोप

**मधेपुरा।** मधेपुरा में पुलिस ने एक शिक्षक को रेप केस में गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि एक गर्भवती बीपीएससी शिक्षिका ने आरोप लगाया है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। घटना सिंहेश्वर नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक की है।

**एक ही मकान में किराये पर रहते थे दोनों**

इस मामले में पीड़िता शिक्षिका ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है। थाना में दिए गये आवेदन में बताया गया है कि आरोपी शिक्षक सुमन सिंह शंकरपुर प्रखंड के हसनपुरा स्कूल में पदस्थापित है। बक्सर जिला निवासी पीड़िता सिंहेश्वर एक सरकारी स्कूल में बीपीएससी शिक्षिका है। दोनों किराये के एक ही मकान में भाड़ा पर थे। उदाकिशुनगंज भवानंदपुर वार्ड तीन निवासी शिक्षक सुमन सिंह शंकरपुर के हसनपुरा स्कूल में कार्यरत है। पीड़िता ने बताया आरोपी ने गलत काम करने की कोशिश की। किसी तरह जान बचा कर भागी व कमरा खोल कर बाहर निकली बचाओ बचाओ कर चिल्लाने लगी। इस बीच मकान मालिक का बहनोई दौड़ कर आए।

**पुलिस ने आरोपी शिक्षक को किया गिरफ्तार**

घटना की जानकारी पीड़िता ने अपने पति को फोन पर दी। उसके पति ने पुराने मकान मालिक को सूचना दी। सूचना मिलते ही मकान मालिक वहां पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता को पुराने मकान मालिक के घर से आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

इस बाबत सिंहेश्वर थानाध्यक्ष वीरेंद्र राम ने बताया कि शिक्षिका के शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## दिवाली से पहले बिगड़ने वाला है मौसम

# अगले 3 दिनों में मूसलाधार बारिश का अनुमान

**पटना।** दीपावली के पहले राजधानी समेत प्रदेश का मौसम करवट लेगा। 23-26 अक्टूबर तक राजधानी समेत प्रदेश के दक्षिण मध्य व पूर्वी भागों में हवा की गति झोंके के साथ 30-40 किमी प्रतिघंटा रहने के साथ बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर हल्की व छिटपुट वर्षा की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार, पोस्ट मानसून के दौरान बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र व कम दबाव होने के कारण मौसम में बदलाव की संभावना है। तीन से चार दिनों के बाद पछुआ के कारण न्यूनतम तापमान में क्रमिक गिरावट के आसार हैं।

सुबह के समय नमी की मात्रा 70-80 फीसद होने के कारण राजधानी समेत अन्य जिले कोहरे की चादर में लिपटा रहेगा। बीते 24 घंटों के दौरान किशनगंज, पश्चिम चंपारण, सुपौल, सीतामढ़ी के अलग-अलग भागों में हल्की वर्षा दर्ज की गई। पटना सहित प्रदेश के अधिसंख्य भागों का मौसम शुष्क बना रहा। किशनगंज के टेढ़ागाछ में सर्वाधिक वर्षा 18.8 मिमी दर्ज किया गया। रविवार को पटना सहित 18 जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। पटना का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री सेल्सियस व 34.4 डिग्री सेल्सियस के साथ गोपालगंज में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

इन जगहों पर दर्ज की गई वर्षा

किशनगंज के दिघलबैंक में 18.2 मिमी, पश्विम चंपारण के गौनाहा में 15.6 मिमी, किशनगंज में 14.0 मिमी, सुपौल के बीरपुर में 8.0 मिमी, सीतामढ़ी के सोनबरसा में 5.0 मिमी, किशनगंज के गलगलिया में 4.2 मिमी, ठाकुरगंगज में 2.8 मिमी, बहादुरगंज में 2.2 मिमी व सीतामढ़ी के सुरसंड में 1.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## बेतिया के युवक की भागलपुर में हत्या

# सिगरेट पीते हुए जा रहा था... बदमाशों ने मारी 4 गोली



**भागलपुर।** भागलपुर में रविवार (20 अक्टूबर) की रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. नवगछिया थाना क्षेत्र के नया टोला स्थित खादी भंडार के समीप एक किराना दुकान के सामने इस घटना को अंजाम दिया गया है. मृतक की पहचान बेतिया के अशरफी चौधरी के बेटे रविंद्र कुमार (25 वर्ष) के रूप में की गई है. तीन बदमाश बाइक से पहुंचे थे. युवक को चार गोली मारी गई जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई.

वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों बदमाश मौके से फरार हो गए. मरने वाले युवक का भी आपराधिक इतिहास रहा है. बताया जाता है कि युवक का नया टोला में ननिहाल है. बचपन से अपने ननिहाल में नाना वासुदेव चौधरी के यहां रहता था. रात में हुई इस घटना के बाद हड़कंप मच गया.

**सिगरेट पीते हुए जा घर रहा था युवक**

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रविंद्र सिगरेट पीते हुए घर की ओर जा रहा था. जैसे ही वह नीरज यादव की किराना दुकान के पास पहुंचा वैसे ही काले रंग की एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने गोलियां बरसा दी. चार गोली पीठ, सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में जा लगी. हादसे में मौके पर ही युवक की मौत हो गई.

मौके पर मौजूद लोगों ने खादी भंडार में मौजूद पुलिस पिकेट के पदाधिकारी को इसकी सूचना दी. सूचना के बाद नवगछिया थानाध्यक्ष रविशंकर सिंह दलबल के साथ पहुंचे. शव को पोस्टमार्टम के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल भेजा गया. घटनास्थल से पुलिस ने चार खोखा बरामद किया है. उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को फोन किया गया था लेकिन उनका कहना है कि ननिहाल के लोग ही उसका दाह संस्कार करेंगे. ननिहाल में मामा की ओर से कोई सटीक जानकारी नहीं दी जा रही है. ना ही वे लोग अस्पताल पहुंचे हैं.

घटनास्थल पर नवगछिया एसडीपीओ ओम प्रकाश भी पहुंचे. एसडीपीओ ने बताया कि मृतक का भी आपराधिक इतिहास रहा है. पूर्व में वह जेल भी जा चुका है. घटनास्थल से खोखा बरामद किया गया है. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है. आसपास जो सीसीटीवी कैमरे हैं उससे जांच की जा रही है.